**दिनांक-20.12.2024** **समय-7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :-

1. दो सांसदों के घायल होने की घटना के बाद लोकसभा अध्यक्ष ने संसद में प्रदर्शन पर लगाई रोक।
2 मुख्यमंत्री आज महू में डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में होंगे शामिल।
3 25 दिसम्बर को केन-बेतवा लिंक परियोजना का प्रधानमंत्री करेंगे भूमिपूजन। मुख्यमंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा।
4 राष्ट्रीय बालरंग का आज भोपाल में होगा शुभारंभ। 15 हजार से अधिक बच्चे होंगे शामिल।

अब समाचार विस्तार से:-

सदन घायल

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सख्त निर्देश जारी किया है कि कोई भी राजनीतिक दल, सासंद या सांसद समूह संसद भवन के किसी भी गेट पर धरना -प्रदर्शन नहीं करेंगे। कल संसद भवन परिसर में विरोध-प्रदर्शन के दौरान कॉंग्रेस और भाजपा सांसदों के बीच धक्का-मुक्की की घटना को देखते हुए यह निर्देश जारी किया गया है। इस घटना में दो सांसदों को चोट लगी थी, जिन्हें अस्पताल मे दाखिल कराना पड़ा।

इसके पहले भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी पर संसद भवन परिसर में एनडीए सांसदों के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि भाजपा सांसद प्रताप सारंगी गंभीर रूप से घायल हुए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पार्टी के एक अन्य सांसद मुकेश राजपूत भी घायल हुए हैं। उन्होंने इसे अशोभनीय कृत्य बताया है।

मुख्यमंत्री आज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज आगरमालवा जिले की सुसनेर तहसील के ग्राम पाल्दा में आयोजित कार्यक्रम में 880 मेगावाट की आगरमालवा-नीमच सौर परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। जिसमें आगर-मालवा जिले की 550 मेगावाट क्षमता एवं नीमच जिले की 330 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजना शामिल है। इसके पहले मुख्यमंत्री महू में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय के 6वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर को नमन करेंगे। दीक्षांत समारोह में संस्थान के 16 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जायेगी। वहीं शाम को इंदौर के अटल बिहारी वाजपेयी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां एक हजार करोड़ रूपये से अधिक लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण तथा भूमिपूजन करेंगे।

विधानसभा शीतकालीन सत्र

प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज पांचवा और अंतिम दिन है। आज कई अशासकीय संकल्प सदस्यों द्वारा पेश किये जाएंगे साथ ही याचिकाओं की प्रस्तुति और ध्यानाकर्षण प्रस्ताव भी लाया जाना प्रस्तावित है। इससे पहले कल चौथे दिन 7 विधेयकों को विधानसभा ने मंजूरी दी। इनमें जन विश्वास विधेयक 2024, माल और सेवाकर संशोधन, मप्र विधानसभा अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष वेतन एवं भत्ता संशोधन विधेयक शामिल हैं।

पन्ना कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल पन्ना में आयोजित जल कलश यात्रा, संत सम्मेलन और लोक कल्याण शिविर में 98 करोड़ रूपये के 13 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने अजयगढ़ में 100 सीटर कन्या और 50 सीटर बालक छात्रावास बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बुन्देलखण्ड विकास की बदौलत अब नये दौर में पहुंच रहा है। देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना के क्रियान्वयन से बुन्देलखण्ड की तस्वीर और तकदीर बदलेगी। कार्यक्रम स्थल पर जनकल्याण एवं विकास पर केन्द्रित प्रदर्शनी भी लगाई गई थी।

परीक्षा पर चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनूठे संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा की आठवीं कडी अगले महीने आयोजित होगी। कार्यक्रम के लिए माई जीओवी पोर्टल पर पंजीकरण शुरू हो चुका है और यह 14 जनवरी तक चलेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य परीक्षा का तनाव कम करना तथा विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को इस अवसर को उत्सव की तरह मनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

मुख्यमंत्री केन बेतवा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 दिसंबर को खजुराहो में केन बेतवा लिंक परियोजना का भूमि-पूजन करेंगे। इसके पूर्व कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यहां तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल खजुराहो मेला ग्राउण्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री मोदी इतिहास में विश्व की नई इबारत लिखने जा रहे। जो नई घटना होगी और बुंदेलखंड के पूरे इलाके को सूखामुक्त करने का सपना पूरा होने जा रहा है।

उत्तर प्रदेश कुंभ स्वास्थ्य

उत्तर प्रदेश में आगामी महाकुंभ 2025 की तैयारियां जोरों पर हैं। इसमें 40 करोड़ से अधिक लोगों के आने की संभावना है। राज्य सरकार कुंभ के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की तैयारी कर रही है। उत्तर प्रदेश के महानिदेशक स्वास्थ्य डॉक्टर रतन सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेगी।

राष्ट्रीय बाल रंग

विद्यालयीन छात्र-छात्राओं में सृजनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के मकसद से 3 दिवसीय राष्ट्रीय बाल रंग की शुरूआत आज से भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित इंदिरा मानव संग्रहालय में हो रही है। स्कूल शिक्षा विभाग का राष्ट्रीय बाल रंग स्कूली बच्चों की सृजनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित कर अभिव्यक्ति के विविध अवसर प्रदान करता है। बाल रंग में राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं शुरू होंगी। बालरंग समारोह का शुभारंभ स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह करेंगे। 21 और 22 दिसम्बर को देश के 17 राज्यों सहित 5 केन्द्र शासित प्रदेश के 15 हजार बच्चे विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे।

जीरो वेस्ट एयरपोर्ट

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर का एयरपोर्ट भी अब जीरो वेस्ट एयरपोर्ट बनने जा रहा है। 22 दिसंबर को केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू रीसायकल प्लांट का लोकार्पण करेंगे। सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि इंदौर एयरपोर्ट को जीरो वेस्ट बनाने की मूल अवधारणा फोर आर यानी रिड्यूस, रीयूज़, रीसायकल और रीस्टोर है। पहले इंदौर एयरपोर्ट को कचरे का निस्तारण करने के लिए नगर निगम को शुल्क चुकाना पड़ता था, लेकिन इस प्लांट के बनने के बाद आने वाले दिनों में एयरपोर्ट इससे कमाई भी करेगा। एयरपोर्ट पर एयरलाइन्स, दुकानों एवं गार्डन से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे के निस्तारण की व्यवस्था की गई है। इसमें गीले कचरे से कंपोस्ट खाद बनाया जाएगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

1. पश्चिम मध्य रेलवे रीवा-मडगांव-रीवा के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने जा रहा है। यह रेलगाड़ी 22 और 29 दिसम्बर को रीवा से चलेगी।
2. ग्वालियर में तानसेन समारोह के 100वें उत्सव का कल समापन हो गया। बेहट और गुजरी महल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।
3. प्रदेश में ठंड से कुछ राहत है। सबसे कम न्यूनतम तापमान पचमढ़ी में 3 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भोपाल में यह 6 दशमलव 4 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने आज ग्वालियर, दतिया, भिण्ड, मुरैना सहित 8 जिलों में कोहरे का अलर्ट जारी किया है।

4. भोपाल में अंतरराष्ट्रीय वन मेला जारी है। अब तक करीब 20 लाख रूपये के वनोपज से निर्मित औषधियों की बिक्री हो चुकी है। यहां शिविर में आयुर्वेद चिकित्सक निःशुल्क सेवाएं दे रहे हैं।

5. डिंडौरी में सुशासन सप्ताह एवं जनकल्याण पर्व के तहत जिले के सभी सात विकासखंडों में संचालित लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से सेवाओं एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के तहत सम्मिलित सेवाओं का लाभ लोगों को दिया जा रहा है।

6. महिला टी-ट्वेंटी क्रिकेट में कल रात नवी मुम्बई में भारत ने वेस्टइंडीज को 60 रन से हरा दिया और श्रृंखला दो-एक से जीत ली है। भारत ने 217 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज की पारी 9 विकेट पर 157 रन ही बना सकी।

-------------